पाठ - 15

एक्की दोक्की

कहानी से

Q1. क्या बूढ़ी अम्मा पहले से जानती थीं कि एक्की और दोक्की उनके घर आने वाली हैं? तुम्हें कैसे पता चला?

उत्तर : हाँ बूढ़ी अम्मा पहले से जानती थीं कि एक्की और दोक्की उनके घर आने वाली हैं। बूढ़ी अम्मा ने एक्की तथा दोक्की के लिए पहले से नहाने का पानी और तेल रखा था। इससे हमें पता चला।

Q2. दोक्की का मेहँदी की झाड़ी और गाय पर ध्यान क्यों नहीं गया?

उत्तर : दोक्की को बाल पाने की जल्दी थी इसलिए उसे मेहँदी की झाड़ी और गाय पर ध्यान नहीं दिया।

Q3. एक्की ने झाड़ी और गाय की मदद कैसे की?

उत्तर : एक्की ने प्यासी झाड़ी को पानी पिलाया और भूखी गाय को घास खिलाकर मदद की।

मेहँदी

Q1. मेहँदी की झाड़ी ने एक्की को लगाने को मेहँदी दी। मेहँदी की झाड़ी से लगाने के लिए मेहँदी कैसे तैयार की जाती है? पता करो और सही क्रम में लिखो। पहले मेहंदी की झाड़ी से

..

..

उत्तर : पहले मेहँदी की झाड़ी से मेहँदी के पत्ते तोड़ते हैं। उसके बाद उन्हें अच्छी तरह से धो लेते हैं। उसके पश्चात सिलबट्टे पर उन्हें पानी के साथ पीस लेते हैं। बस मेहँदी तैयार है। इसे आप हाथों पर या सिर पर लगा सकते हो।

Q2. मेहँदी जब रची जाती है तब उसका रंग गाढ़ा होता है और धीरे-धीरे फीका पड़ता जाता है। किन-किन चीज़ों का रंग कुछ समय बाद फीका हो जाता है?
मेहँदी..

सूती कपड़े..

उत्तर : सूती कपड़ों का, रंगीन कागज़ों का।

Q3. नीचे दी गई जगह में अपनी हथेली को रखो। अब इसके चारों और पेंसिल फिराओ। लो बन गया तुम्हारा हाथ। मेहँदी से जो डिज़ाइन तुम अपनी हथेली पर बनाना चाहते हो वह बनाओ।



उत्तर : स्वयं करे

अपने मन से

Q1. कहानी में दोनों बहनों का नाम उनके बालों की संख्या पर पड़ा। सोच कर खाली जगह में नाम लिखो।

बालों की संख्या	पूरा नाम	छोटा नाम
1	एककेसवाली	एक्की
2	दोकेसवाली	दोक्की
100	....	....
0	....	....

उत्तर :

बालों की संख्या	पूरा नाम	छोटा नाम
1	एककेसवाली	एक्की
2	दोकेसवाली	दोक्की
100	सौकेसवाली	सौक्की
0	शून्यकेसवाली	शून्यक्की

तुम्हारे वाक्य

Q1. नीचे कुछ वाक्य लिखे हैं। हर वाक्य में एक मोटा शब्द छपा है, उनकी मदद से तुम अपने मन से सोचकर वाक्य बनाओ और कक्षा में बताओ।

(i) जंगल में चारों तरफ़ सन्नाटा था। (ii) बाबा को सोचने की फ़ुर्सत ही कहाँ, काम में जो उलझे रहते थे।

(iii) वह सरपट घर की तरफ़ दौड़ चली। (iv) मेहँदी की झाड़ी मुरझा गई थी।

उत्तर : स्वयं करे

नाम काम

Q1. एक्की ने देखा कि एक मरियल-सी गाय पेड़ से बँधी हुई थी। एक्की, गाय और पेड़ नाम वाले शब्द हैं। देखा और बँधी काम वाले शब्द हैं। कहानी में से ऐसे पाँच-पाँच शब्द और छाँटकर लिखो।

नाम वाले शब्द	काम वाले शब्द
....	....
....	....
....	....
....	....
....	....

उत्तर :

नाम वाले शब्द	काम वाले शब्द
दोक्की	खोला
माँ	डाला
रस्सी	बह
घास	लगी
मेहँदी	रुकी